कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009
दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 20.10.2021

विषय : 09/2021 को समाप्त तिमाही की राजभाषा
कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।
*******

इस कार्यालय की 09/2021 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 29.09.2021 को दोपहर 12.00 बजे गूगलमीट एप पर ऑन-लाइन माध्यम से किया गया । बैठक के सभी पदाधिकारियों ने अपने स्थान पर बैठकर इस आयोजन में भाग लिया । बैठक की अध्यक्षता श्री के. वेंकट राव, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री के. वेंकट राव, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती एस. वत्सला, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहा.नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्रीमती बी. लक्ष्मी मुरलीकृष्णा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 4. | श्री पी. बालकृष्ण राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री के. रामनारायण चारी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री जी.एस. मूर्ति, | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्रीमती जे. माधवी | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्री मंडा श्रीनिवास | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री पी. श्रीनिवास मूर्ति | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**<u>मद सं.1</u> - <u>दिनांक 30.06.2021 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :</u>**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 30.06.2021 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 30.06.2021 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. **हिंदी कार्यशाला का आयोजन :** समिति को सूचित किया गया कि दिनांक 07 सितंबर, 2021 को गुरुकुलम में एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य कार्यालय के 10 कर्मचारियों ने भाग लिया ।

2. **निरीक्षण:** वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 25% अधीनस्थ कार्यालयों और 25% अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में वर्ष 2020-2021 के दौरान र.ले.नि. महोदय द्वारा अनुमोदित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार आठ उप-कार्यालयों का राजभाषा ई-निरीक्षण किया गया । उप-कार्यालयों और स्थानीय अनुभागों की निरीक्षण रिपोर्टें, नियंत्रक महोदय के अनुमोदन के उपरांत, संबंधित उप-कार्यालयों, अनुभागों और मुख्यालय कार्यालय को भेज दी गई है । समिति को सूचित किया गया कि उप-कार्यालयों से प्राप्त अनुपालन रिपोर्टें भी मुख्यालय कार्यालय को भेज दी गई है। वर्ष 2021-22 के राजभाषा निरीक्षण मार्च, 2022 से पूर्व पूरे कर लिए जाएंगे ।

3. **हिंदी शिक्षण योजना के अधीन ऑन-लाइन कक्षाओं का आयोजन:** पिछली बैठक में नियंत्रक महोदय ने हिंदी पारंगत की ऑन-लाइन कक्षाओं में 30 कर्मचारियों को नामित करने की अनुमति दी थी । उसी के अनुसार मुख्य कार्यालय, वे.ले.का. ई.एम.ई., वे.ले.का., से.आ.कोर से 10-10 कार्मिकों को नामित करते हुए 30 कर्मचारियों की ऑन-लाइन कक्षा बनाई गई है ।

4. **समाचार पत्रिका का प्रकाशन :** पिछली बैठक में नियंत्रक महोदय ने यह सुझाव दिया गया था कि एक समाचार पत्रिका (Newsletter) का प्रकाशन किया जाए । समिति को सूचित किया गया कि पत्रिका के लिए सामग्री तैयार है । समाचार पत्रिका के ड़िजाइन का अनुमोदन होने पर मुद्रण का कार्य किया जा सकेगा ।

   अध्यक्ष महोदय ने कहा कि ड़िजाइन को तुरंत अनुमोदित करवाकर मुद्रण के लिए भेज दिय जाए ताकि 1 अक्तूबर, 2021 को रक्षा लेखा दिवस के अवसर पर इस समाचार पत्रिका का भव्य रूप से विमोचन किया जा सके । अनुवाद अधिकारी ने कार्रवाई के लिए नोट किया ।

5. **हिंदी शिक्षण योजना की परीक्षाओं के लिए इस कार्यालय को परीक्षा केंद्र बनाना** - अध्यक्ष महोदय ने हिंदी शिक्षण योजना से प्राप्त ई-मेल पर चर्चा करते हुए जनवरी से मई, 2021 के सत्र में आयोजित ऑन-लाइन कक्षाओं के लिए मुख्य कार्यालय के परिसर में अंतिम परीक्षा के आयोजन की अनुमति दी थी । इसकी सूचना देते हुए हिंदी शिक्षण योजना को पत्र भेज दिया गया था । परंतु कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों के कारण मई, 2021 में घोषित परीक्षाओं का आयोजन स्थगित कर दिया गया है । अब ये परीक्षाएँ अक्तूबर, 2021 में आयोजित की जाने वाली हैं जिसकी सूचना प्राप्त हो गई है और संचालन अधिकारी को सूचित कर दिया गया है ।

   अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि परीक्षा के आयोजन की तैयारी सही तरह से की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षाएँ निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हों ।

**मद सं. 2 - पिछली दो तिमाहियों 03/2021 तथा 06/2021 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :**

मुख्य कार्यालय की पिछली दो तिमाहियों 03/2021 तथा 06/2021 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

(1) धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 03/2021 | 187 | 187 | शून्य |
| 06/2021 | 144 | 144 | शून्य |

(2) <u>हिंदी पत्राचार की स्थिति</u> :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 03/2021 | 11241 | 2203 | 83.61% |
| 06/2021 | 8075 | 2143 | 79.02% |

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हालांकि "ग" क्षेत्र के लिए हिंदी पत्राचार का लक्ष्य 55% है और यहाँ पाया गया है कि हिंदी पत्राचार का प्रतिशत लक्ष्य से काफ़ी अधिक है, फिर भी पत्राचार के प्रतिशत में जो कमी आई है, इसे गंभीरता से लेना चाहिए और उत्तरोत्तर प्रतिशत को बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए । उन्होंने प्रत्येक अनुभाग द्वारा दी गई रिपोर्ट की समीक्षा कर प्रतिशत मे गिरावट के कारणों का पता लगाने को कहा । वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने इसे नोट किया ।

**<u>मद सं. 3</u> - <u>हिंदी दिवस और हिंदी प्रोत्साहन योजना पर चर्चा</u>** - समिति को सूचित किया गया इस संगठन के सभी कार्यालयों में हिंदी दिवस/पखवाड़े के आयोजन की सूचना मिली है और शीघ्र ही मुख्यालय कार्यालय को हिंदी पखवाड़े के आयोजन पर एक रिपोर्ट भेज दी जाएगी । आगे समिति को बताया गया कि कोरोना महामारी के कारण मंत्रालय द्वारा बजट पर नियंत्रण करने के अनुदेशों के वृष्ट्या मुख्यालय कार्यालय से खर्च में कमी करने के निदेश मिले थे । अत: हिंदी प्रोत्साहन योजना का परिपत्र जून में जारी नहीं किया गया । अगस्त, 2021 के महीने में मुख्यालय से प्राप्त निदेशों के अनुसार हिंदी प्रोत्साहन योजना का परिपत्र जारी किया गया जिसके लिए आवेदन देर से प्राप्त हुए हैं । शीघ्र ही मूल्यांकन समिति के गठन के लिए नियंत्रक महोदय को कार्यालय टिप्पणी प्रस्तुत की जाएगी। नियंत्रक महोदय से अनुरोध किया गया कि चयन प्रक्रिया पूरा होने पर एक उपयुक्त समारोह में हिंदी प्रोत्साहन योजना के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करने कष्ट करें । नियंत्रक महोदय ने सहर्ष स्वीकृति दी ।

**<u>मद सं. 4</u> - <u>रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा</u>** - समिति को अवगत कराया गया कि सितंबर, 2021 को समाप्त तिमाही में रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय से पाँच पत्र प्राप्त हुए है जिन सभी पर कार्रवाई की जा चुकी है । इनमें दो पत्र सहायक निदेशक (रा.भा) के उच्च पद के दायित्वों से संबंधित प्रशिक्षण के बारे में थे, एक पत्र संसदीय राजभाषा समिति द्वारा माँगी गई सूचना मुख्यालय कार्यालय को भेजने संबधी थी और दो पत्र हिंदी दिवस के आयोजन तथा हिंदी दिवस पर महानियंत्रक महोदय के संदेश से संबंधित थे ।

**<u>मद सं. 5</u> - <u>वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा</u>** - समिति के सदस्यों को बताया गया कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2021-2022 के वार्षिक कार्यक्रम के सभी लक्ष्यों को लगभग प्राप्त कर लिया गया है । हिंदी प्रशिक्षण के मद के लक्ष्य की पूर्ति के लिए हिंदी शिक्षण योजना, हैदराबाद द्वारा चलाई जा रही ऑन-लाइन कक्षाओं में संगठन के कर्मचारियों को हिंदी प्रवीण, हिंदी प्राज्ञ और हिंदी पारंगत पाठ्यक्रमों में नामित किया गया है । अंतिम परीक्षा शीघ्र ही आयोजित किए जाने की सूचना मिली है। भविष्य में केवल हिंदी पारंगत प्रशिक्षण ही शेष रहने की संभावना है जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ।

समिति को सूचित किया गया कि वर्तमान में निम्नांकित मदों पर लक्ष्य-प्राप्ति की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | विवरण | निर्धारित लक्ष्य | प्राप्त लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी पत्राचार | 55% | 79.02% |
| 2. | हिंदी में टिप्पण | 30% | 30.33% |
| 3. | हिंदी प्रशिक्षण | 100% | 98.85% |

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों से आगे बढ़कर काम करने का प्रयास किया जाना चाहिए । इसलिए हमारे नए लक्ष्य निम्नानुसार होंगे :

हिंदी पत्राचार = 80% हिंदी टिप्पण = 40% हिंदी प्रशिक्षण = 100%

वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने इसे नोट किया ।

**मद सं. 6 - संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा :**

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक निदेशक (रा.भा) | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ अनुवादक | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ अनुवादक | 01 | 01 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

अध्यक्ष महोदय ने पूछा कि इन रिक्त पदों को कब भरा जाएगा ? सदस्य सचिव ने बताया कि ग्रूप अधिकारी (प्रशा) के हस्ताक्षर से रिक्त पदों को भरने की प्रार्थना के साथ मुख्यालय कार्यालय को पत्र भेजा गया है जिसके उत्तर में मुख्यालय कार्यालय ने लिखा है कि जब भी सिकंदराबाद के लिए उनके पास वॉलेंटियर (volunteer) होंगे, वे तैनात कर देंगे ।

**मद सं. 8 - अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई विषय/सुझाव :**

अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों से अपने सुझाव देने को कहा ।

श्री पी. बालकृष्ण राव, वरिष्ठ लेखा अधिकारी ने कहा कि इंजीनियरिंग अनुभाग में बहुत सी कार्यालय टिप्पणियाँ द्विभाषी ही जारी की जाती हैं, फिर भी हिंदी पत्राचार का प्रतिशत कैसे कम हुआ है ? सदस्य सचिव ने बताया कि कार्यालय टिप्पणियों को नोटिंग में गिना जाता है जिसमें हमारा कार्यालय लक्ष्य से आगे है । श्री राव ने कहा कि वे कुछ और नेमी पत्राचार द्विभाषी बनवाने के लिए राजभाषा अनुभाग को भेजेंगे ताकि हिंदी पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने जल्द से जल्द अनुवाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

**हस्ता/-**
**(एस. वत्सला)**
**रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली ।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), राजभाषा अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का-3), एन.जी.आर.आई., उप्पल रोड, हैदराबाद ।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

एम. वी. सुब्रह्मण्यम
**(एम.वी. सुब्रह्मण्यम)**
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**